<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–20.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. कोलकाता में डॉक्टर की हत्या मामले में उच्चतम न्यायालय में हुई सुनवाई, कोर्ट ने सीबीआई को गुरुवार तक जांच की स्टेट्स रिपोर्ट सौंपने का दिया आदेश।

2. झारखंड में जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण राज्य भर में चिकित्सा सेवाएं हुई प्रभावित, रिम्स में भर्ती 400 से अधिक मरीजों ने छोड़ा अस्पताल।

3. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिल्ली में अग्निवीरों से किया संवाद, कहा सुरक्षा की महत्वपूर्ण कड़ी है अग्निवीर।
4. पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एक उग्रवादी को किया गिरफ्तार।

******************

कोलकाता में हुए रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में आज सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड ने कहा कि ये देश भर में डॉक्टरों की सुरक्षा का मामला है। इसलिए हमने स्वतः संज्ञान लिया। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई गुरुवार तक जांच की स्टेटस रिपोर्ट दे। यह संवेदनशील मामला है। सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड , जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में सुनवाई हुई। पश्चिम बंगाल के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुई घटना में पूरे देश को झकझोर दिया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय में इस मामले की सुनवाई पहले से ही हो रही है। उच्च न्यायालय ने मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने का आदेश दिया था।

******************

इस मामले को लेकर झारखंड में जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण राज्य भर में चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हुई हैं। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि अब तक दस हजार से अधिक मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल रहा है। रांची के राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज रिम्स में भर्ती चार सौ से अधिक मरीजों ने अस्पताल खाली कर दिया है क्योंकि उन्हें डॉक्टरों से इलाज नहीं मिल रहा था। ओपीडी सेवा ठप होने से हर दिन काफी संख्या में मरीज वापस लौट रहे हैं। इधर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की झारखंड शाखा के सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती, अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

******************

देवघर एम्स में भी चिकित्सकों का विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। यहां के मेडिकल छात्रों और रेजिडेंट डॉक्टरों ने रक्षाबंधन पर राखी की जगह एक–दूसरे को काली पट्टी बांध कर विरोध जताया। विरोध कर रहे संस्थान के रेजिडेंट डॉक्टर आलोक कुमार ने आरोप लगाया कि आज डॉक्टर्स की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर नहीं है।

******************

इस बीच सरकार ने सभी केंद्रीय अस्पतालों में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती में 25 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दी है। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के अलावा अस्पतालों की अपनी मांगों के आधार पर मार्शलों की तैनाती को भी मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त, अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए सुरक्षा और सुविधाओं पर विचार करने के लिए महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाओं की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी। उधर, पश्चिम बंगाल सरकार ने कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में आर्थिक अनियमितताओं की जांच के लिए चार सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है।

******************
गढ़वा, पलामू और लातेहार के लिए मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को पहली किस्त की राशि कल जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन योजना की राशि जारी करेंगे। चियांकि हवाई अड्डा पर उनका कार्यक्रम होगा। इस योजना की शुरुआत पाकुड़ से हो चुकी है।
कार्यक्रम को लेकर पलामू जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है। मुख्यमंत्री चियांकि हवाई अड्डा से ही पलामू, गढ़वा और लातेहार की लाखों लाभुकों को मंईयां योजना के तहत राशि को जारी करेंगे। यह योजना की पहली किस्त होगी।

******************
दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में राजकीय श्रावणी मेला का कल देर शाम विधिवत समापन हो गया।

******************
रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में अग्निवीरों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने अग्निवीरों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। श्री सेठ ने अग्निवीरों को राष्ट्र का मजबूत आधार स्तंभ बताया।

******************
भाजपा के राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो नेता चंपाई सोरेन की नाराजगी को लेकर जेएमएम की मंशा पर सवाल उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आरोप लगाया है एक वरिष्ठ नेता को सीएम पद से नहीं हटाया जाना चाहिए था।

******************
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालिंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाडियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बात की। पेरिस पैरालिंपिक इस महीने की 28 तारीख से शुरू हो रहे हैं। इस दौरान श्री मोदी ने कहा कि पेरिस जाने वाले खिलाडी भारत के ध्वज वाहक की तरह जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पैरा एथलीट इस मुकाम पर पहुंचकर यह दर्शाते हैं कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वह कितने सशक्त हैं। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि इस बार के पैरालिंपिक में भारत अब तक का अपना सबसे बडा दल भेज रहा है।

******************
लातेहार जिले में बारियातू थाना क्षेत्र के एनएच 22 पर एक बाइक पेड़ से जा टकराई। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर, गोड्डा जिले के देवडांर थाना क्षेत्र में आजा मोड पर एक कार और बाइक की भिड़ंत हो गई। इसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

******************
लातेहार जिले में मानव तस्करी के एक मामले की सुनवाई करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह की अदालत ने दोषी सोनिया बीवी उर्फ सोनिया परवीन को 7 वर्ष की कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। उसपर एक लड़की को बहला फुसलाकर दिल्ली ले जाने का आरोप था।

******************
पश्चिमी सिंहभूम जिले के आनंदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक मोटरसाइकिल, कारतूस और लेवी वसूले जाने संबंधी कई दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि पीएलएफआई के दो सदस्य भागने में सफल रहे जबकि याकूब टूटी नाम के उगद्रवादी को पकड़ा गया है। जिले के कई थानों में इसके खिलाफ पांच मामले भी दर्ज हैं।

******************
मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के नौ जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। रांची, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा सहित कई जिलों में भारी बारिश होगी। मौसम वैज्ञानिक ने वज्रपात को

लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान धनबाद जिले में 100 मिली मीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई है। वहीं रांची में 16 दशमलव आठ मिली मीटर बारिश हुई है।

*********समाप्त**********